# जैव विविधता

1. **ऑलिव रिडले कछुओं के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1.विश्व में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में ये सबसे छोटे और प्रचुर मात्रा में हैं।**
**2.ये प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के उष्ण जल में रहते हैं।**
**3.भारत का कोरोमंडल तट, ऑलिव रिडले कछुओं के लिए सबसे बड़ा सामूहिक बसेरा (नीड़न स्थल) है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1

2. **निम्नलिखित में से कौन-से भौगोलिक क्षेत्र में जैव विविधता के लिए संकट हो सकते हैं?**
**1.वैश्विक तापन 2. आवास का विखण्डन**
**3.विदेशी जाति का संक्रमण**
**4.शाकाहार को प्रोत्साहन**
**निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

3. **कुछ वर्ष पहले तक गिद्ध भारतीय देहातों में आमतौर पर दिखाई देते थे, किंतु आजकल कभी-कभार ही नज़र आते हैं। इस स्थिति के लिए उत्तरदायी है-**
(a) नवीन प्रवेशी जातियों द्वारा उनके नीड़ स्थलों का नाश
(b) गोपशु मालिकों द्वारा रुग्ण पशुओं के उपचार हेतु प्रयुक्त एक औषधि।
(c) उन्हें मिलने वाले भोजन में आई कमी।
(d) उनमें हुआ व्यापक, दीर्घस्थायी तथा घातक रोग।

4. **जैव विविधता निम्नलिखित माध्यम द्वारा मानव अस्तित्व का आधार बनी हुई है-**
**1.मृदा निर्माण**
**2.मृदा अपरदन की रोकथाम**
**3. अपशिष्ट का पुन: चक्रण**
**4. शस्य परागम**
**निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.उच्चतर अक्षांशों की तुलना निम्नतर अक्षांशों में जैव विविधता सामान्यत: अधिक होती है।**
**2.पर्वतीय प्रवणताओं में, उच्चतर उन्नातांशों की तुलना में निम्नतर उन्नतांशों में जैव विविधता सामान्यत: अधिक होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

6. **निम्नलिखित जीव जगत को उनकी विशेषताओं के साथ सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (जीव जगत) | | सूची-II (विशेषताएँ) | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **मोनेरा** | **1.** | **एककोशिकीय, मुख्य रूप से जलीय** |
| **B.** | **प्रोटिस्टा** | **2.** | **बहुकोशिकीय प्रकाश संश्लेषण वाले पादप** |
| **C.** | **प्लांटी** | **3.** | **एककोशिकीय सूक्ष्म जीव** |
| **D.** | **फंजाई** | **4.** | **बहुकोशिकीय जैव अपघटक** |

**कूट:-**
(a) **A**-3, **B**-4, **C**-2, **D**-1
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-2, **D**-4
(d) **A**-2, **B**-3, **C**-4, **D**-1

7. **निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता आक्रामक प्रजातियों से संबद्ध नहीं है?**
(a) तीव्र जनसंख्या वृद्धि की संभावना (उदाहरणार्थ, किसी क्षेत्र में हरिण)



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) वृहद आवास विनाश की संभावना।
(c) अल्प प्रारूपी सुनम्यता की उपस्थिति (अर्थात् पर्यावरण चुनौतियों का सामना करने के लिए अनुकूलन क्षमता)।
(d) मनुष्य के साथ निकटता

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1.आनुवांशिक विविधता का आशय होता है जातियों में जीनों की भिन्नता।**
**2.किसी जाति में अपेक्षाकृत कम विविधता से एकरूपता उत्पन्न होती है।**
**3.सामान्यत: जातियों की संख्या अधिक होने पर जाति विविधता में कमी आती है।**
**4.किसी क्षेत्र में आवासों में विषमांगता अधिक होने या समुदायों के आवासों या भौगोलिक क्षेत्र की विविधता को बीटा विविधता कहते हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 3 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 4

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.जैव विविधता का आकलन दो प्रमुख घटकों द्वारा किया जाता है- प्रजातियों की समृद्धि और प्रजातियों की समता।**
**2.प्रजातियों की उच्च समता यह संकेत करती है कि वहाँ कुछ प्रजातियों का प्रभुत्व है।**
**जैव विविधता के संबंध में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अलग-थलग द्वीपों में उच्च जैव विविधता होती है।**
**2.प्रवाल भित्तियों एवं उष्णकटिबंधीय वनों में जैव विविधता कम होती है।**
**3.दक्षिण एशिया की तुलना में यूरोप में जैव विविधता कम है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) इनमें से कोई नहीं

**11. जैव-आवर्द्धन का सर्वाधिक विषाक्त संकेंद्रण होगा-**
(a) उत्पादकों में
(b) प्राथमिक उपभोक्ताओं में
(c) द्वितीयक उपभोक्ताओं मं
(d) डेट्रीटिवोरस में

**12. पशु एवं बगुला के बीच सहजीवी संबंध एक उदाहरण है-**
(a) सहजीविता का
(b) सहभोजिता का
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड एक प्रवासी पक्षी है।**
**2.ये प्राय: उन्हीं प्राकृतिक निवास स्थानों में पाए जाते हैं जहाँ ब्लैक बक पाए जाते हैं।**
**3. इनका आवास मुख्यत: पहाड़ी क्षेत्र में होता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.सरीसृप अकशेरुकीय जीव होते हैं।**
**2.अकशेरुकियों में मेरुरज्जु होता है।**
**3.अकशेरुकियों की संख्या कशेरुकियों से कहीं अधिक होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा पद 'बायोप्रोस्पेक्टिंग' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) जैविक संसाधनों के वाणिज्यिक शोषण की एक अनैतिक पद्धति।
(b) एक प्रक्रिया जिसमें कृषि-विज्ञान पद्धतियों द्वारा खाद्य फसलों की पोषण गुणवत्ता में सुधार किया जाता है।
(c) जैविक संसाधनों से प्राप्त वाणिज्यिक रूप से उपयोगी उत्पादों के लिए एक व्यवस्थित खोज।
(d) जीव-जंतुओं द्वारा पदार्थों का संश्लेषण।

**16. गाइनान्ड्रोमॉर्फ क्या हैं?**
(a) ये ऐसे जानवर अथवा कीट हैं जो नर तथा मादा दोनों के गुणों को प्रदर्शित करते हैं।
(b) ये रासायनिक पदार्थ हैं जो उनींदापन को प्रेरित करते हैं।
(c) ये ब्लॉकचेन एल्गोरिदम हैं जिनका उपयोग वित्तीय लेन-देन की पुनरावृत्ति में किया जाता है।
(d) ये क्षुदग्रहों की जाँच में पाए गए नए जीवाणु हैं।

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.हमारे जैवमंडल में केवल प्रजाति स्तर पर बहुत अधिक विविधता पाई जाती है।**
**2.एक जाति आनुवंशिक स्तर पर अपने वितरण क्षेत्र में बहुत अधिक विविधता दर्शा सकती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**18. निम्नलिखित कथनो पर विचार कीजिए-**
**1.जंतुओं में कीट सबसे अधिक समृद्ध जातीय वर्ग समूह हैं।**
**2.विश्व में कवक जातियों की कुल संख्या मछलियों, उभयचरों, सरीसृपों और स्तनधारियों से अधिक है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**19. निम्नलिखित में से कौन आक्रामक प्रजातियाँ हैं?**
**1.नील पर्च/मछली**
**2.जल कुंभी**
**3.गाजर घास**
**4. चिचलिड मछली**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और

**20. निम्नलिखित में से कौन-से जैव विविधता क्षति के प्रभाव हैं?**
**1.पादप उत्पादकता में कमी**
**2.पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति प्रतिरोध में कमी**
**3.कुछ पारितंत्र प्रक्रियाओं जैसे पादप उत्पादकता की परिवर्तनशीलता में वृद्धि**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**21. निम्नलिखित में से कौन जैव विविधता क्षति के लिए 'इवेल क्वार्टेट' का भाग है?**
**1.आवासीय क्षति तथा विखंडन**
**2.अतिदोहन**
**3.विदेशी जातियों का आक्रमण**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**22. बायोप्लास्टिक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.पौधे बायोप्लास्टिक के उत्पादन हेतु प्रयोग किए जाने वाले मुख्य स्त्रोतों में से एक है।**
**2.बायोप्लास्टिक, मक्का व गन्ने से निष्कर्षित शर्करा से बनाए जाते हैं।**
**3.बायोप्लास्टिक जैवनिम्नीकृत उत्पाद हैं परंतु इनके निम्नीकरण में लंबा समय लगता है।**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213